LATEST

# NEWS

## Election

## Date : 18th Mar. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

## एडिशनल चार्ज दूसरों के पास होने से तबादला सूची अटकी

# चुनावी राज्यों में 37 IAS-IPS पर्यवेक्षक बने

जयपुर | भारत निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल और केंद्रशासित प्रदेश पुदुच्चेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा 6 राज्यों में उपचुनाव के लिए राजस्थान से 37 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इनमें 28 आईएएस और 9 आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। राजस्थान से सर्वाधिक 20 अधिकारी पश्चिम बंगाल में तैनात किए गए हैं। जानकारों के अनुसार, चुनाव ड्यूटी के कारण आईएएस की तबादला सूची फिलहाल अटक गई है। हालांकि, इन अधिकारियों के अतिरिक्त प्रभार के साथ एक छोटी सूची जारी की जा सकती है।

### नवीन जैन, समित शर्मा को बंगाल का जिम्मा

निर्वाचन आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में वरिष्ठ आईएएस नवीन जैन, डॉ. समित शर्मा, रवि जैन, आनंदी, कन्हैयालाल स्वामी, विश्व मोहन शर्मा, चिन्मय गोपाल, नकाते शिव प्रसाद, हरिमोहन मीणा, ओम प्रकाश कसेरा, टीकमचंद बोहरा, हिमांशु गुप्ता, नथमल डिडेल, सुरेश ओला, आशुतोष गुप्ता, रुकमणि एवं हर्ष के नाम शामिल हैं। वहीं आईपीएस रुपिंदर सिंह और दीपक कुमार को भी बंगाल में लगाया गया है।

**तमिलनाडु में कृष्ण कुणाल, रविकुमार जाएंगे** :तमिलनाडु में आईएएस कृष्ण कुणाल, रविकुमार सुरपुर, शुचि त्यागी, भारती दीक्षित और हरफूल यादव के नाम शामिल हैं। आईपीएस में लता मनोज और प्रफुल्ल कुमार शामिल हैं। उधर, केरल में आईएएस अनुपमा जोरवाल और भंवरलाल शामिल हैं, जबकि आईपीएस में परम ज्योति विष्णुकांत का नाम है। गुजरात में आईएएस मातादीन मीणा और गोवा में पूजा कुमारी पार्थ को लगाया गया है। पुदुच्चेरी के लिए आईपीएस अजय असवाल और डॉ. प्रीति चंद्रा को नियुक्त किया गया है।

# चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल की हर सीट पर एक पर्यवेक्षक तैनात करेगा

कोलकाता, 17 मार्च। भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर व्यापक प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। ?

आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत, पांच राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में कुल 557 सामान्य पर्यवेक्षक, 188 पुलिस पर्यवेक्षक और 366 व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त करने की घोषणा की है।

इन राज्यों में पश्चिम बंगाल के अलावा, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त,

- **शेष अन्य राज्यों जहां चुनाव होने जा रहे हैं वहां भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।**

छह राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

पश्चिम बंगाल इस सूची में सबसे खास है, जहां सभी 294 विधानसभा सीटों के लिए अलग-अलग सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। यह संख्या राज्य की कुल सीटों के बराबर है, जबकि अन्य राज्यों में सामान्य पर्यवेक्षकों की संख्या वहां की कुल सीटों से कम रखी गई है।

सुरक्षा के लिहाज से भी पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 84 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। इसके मुकाबले, तमिलनाडु में 40, असम में 35, केरल में 17 और पुडुचेरी में चार पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

दैनिक नवज्योति Jaipur City - 18 Mar 2026 - Page 14

पांच राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनाव-उपचुनाव

# राजस्थान से 37 पर्यवेक्षक तैनात

**ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर।** निर्वाचन आयोग के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और 6 राज्यों में उपचुनावों के लिए नियुक्त किए 1,111 पर्यवेक्षकों में राजस्थान से 37 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इनमें 28 आईएएस और 9 आईपीएस अधिकारी शामिल हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित करते हुए कहा था कि चुनाव हिंसा और प्रलोभन मुक्त कराए जाएं ताकि प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय या पक्षपात के अपना वोट डाल सके। आयोग ने पर्यवेक्षकों को कल 18 मार्च तक संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में तैनात करने के निर्देश दिए हैं। पर्यवेक्षक पहुंचने पर अपने संपर्क विवरण सार्वजनिक करेंगे और उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों या उनके प्रतिनिधियों या जनता के किसी भी सदस्य के उनसे मिलने और चुनाव संबंधी उनकी शिकायतें सुनने के लिए प्रतिदिन एक निश्चित समय निर्धारित करेंगे।